**अतिक्रमण** | छोटी लाइन में यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

## बस स्टैंड पर नाश्ते वाले का अवैध कब्जा




**नवभारत,जबलपुर।** शहर के छोटी लाइन गोरखपुर स्थित बस स्टैंड पर इन दिनों अवैध कब्जे की समस्या बढ़ती जा रही है। बस स्टैंड परिसर में एक नाश्ता विक्रेता द्वारा लंबे समय से कब्जा कर दुकान चलाई जा रही है। यह दुकान अब यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। मौके पर देखा गया कि नाश्ते वाला बस स्टैंड के भीतर की कुर्सियों में ग्राहकों को बैठाता है। इससे बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को बैठने या ठहरने की जगह नहीं मिल पाती। कई यात्री बसों के इंतजार में बाहर सड़क में खड़े रहने को मजबूर हैं।

### बैठने की कोई जगह नहीं मिलती

यात्रियों का कहना है कि पहले बस स्टैंड पर पर्याप्त जगह थी, लेकिन अब धीरे-धीरे दुकानों और ठेलों के बढ़ते कब्जे से यह क्षेत्र अव्यवस्थित होता जा रहा है। एक यात्री ने बताया सुबह-सुबह जब बस पकड़ने आते हैं तो बैठने की कोई जगह नहीं मिलती, सब जगह दुकान वालों का सामान फैला रहता है।

### स्वच्छता और सुरक्षा के लिए भी खतरा

स्थानीय लोगों ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर इस तरह का अवैध कब्जा न केवल आमजन की असुविधा का कारण बन रहा है, बल्कि बस स्टैंड की स्वच्छता और सुरक्षा के लिए भी खतरा है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो धीरे-धीरे बस स्टैंड का पूरा क्षेत्र ठेला और दुकान वालों के कब्जे में चला जाएगा।

## दमोह के पैर धुलवाने वाले मामले को मुख्यपीठ के समक्ष पेश करने के आदेश

**जबलपुर।** दमोह जिले के ग्राम सतरिया में मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के युवक से पैर धुलवाकर गंदा पानी पीने के मजबूर करने वाले मामले को सुनवाई के लिए मुख्यपीठ के समक्ष पेश करने के आदेश जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने जारी किये है। गौरतलब है कि दमोह जिले के ग्राम सतरिया स्थित मंदिर के अंदर ओबीसी वर्ग के युवक से पैर धुलवाकर गंदा पानी पीने को मजबूर किये जाने की घटना को संज्ञान लेते हुए मामले की मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के आदेश दिये थे। हाईकोर्ट ने पूर्व में पारित आदेश पर पुनर्विचार करने से इंकार करते हुए आवेदन को खारिज कर दिया। इंटर विनर बनने का आवेदन को स्वीकार करते हुए एनएसए की कार्यवाही के तथ्यों के संबंध में कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक दमोह को हलफनामा के साथ जानकारी पेश करने निर्देश जारी किये थे। युगलपीठ ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान अपने आदेश में कहा गया था कि डीबी के प्रकरणों की सुनवाई मुख्यपीठ कर रही है। इसलिए उक्त प्रकरण को भी मुख्यपीठ के समक्ष पेश किया जाये।

## 100 प्रतिशत ई-अटेंडेन्स हो, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : निगमायुक्त

▶ सुधार लाने सफाई ठेकेदारों को 3 दिन का अल्टीमेटम



**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों के साथ सफाई ठेकेदारों की संयुक्त बैठक बुलाई। बैठक में संभागवार सफाई संरक्षकों की उपस्थिति की जानकारी के साथ-साथ ई-अटेंडेन्स की जानकारी भी ली। जानकारी के दौरान संतोषजनक जबाव नहीं पाए जाने पर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बड़े ही अच्छे भाव से सफाई ठेकेदारों को समझाईश देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ नगर निगम की व्यवस्थाओं में सुधार लाना है, कार्रवाई करना नहीं है। आप सभी को 3 दिन की मोहलत दी जाती है, कि 31 अक्टूबर तक 100 प्रतिशत ई-अटेंडेन्स के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराएँ अन्यथा हमें आप सभी ठेकेदारों के प्रति कार्रवाई की जायेगी और नवम्बर का भुगतान सिर्फ ई-अटेंडेन्स के आधार पर ही किया जायेगा। निगमायुक्त ने कई बार ठेकेदारों को यह भी दोहराया कि आप सभी ठेकेदार सफाई संरक्षकों की उपस्थिति ई-अटेंडेन्स के माध्यम से दर्ज कराएँ इसके लिए निगमायुक्त ने सभी ठेकेदारों और सुपरवाईजरों को भी सुबह 06:00 बजे से फील्ड में निकलने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने बताया कि उपस्थिति संबंधि विसंगतियों को दूर कर व्यवस्था में सुधार लाएँ। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि यदि सफाई संरक्षकों की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम होती है तो संबंधित ठेकेदारों के विरूद्ध 20 प्रतिशत की पेनाल्टी लगाकर देयकों से पेनाल्टी राशि की कटौती कर भुगतान किया जायेगा, जिसके लिए संबंधित ठेकेदार जिम्मेदार होगें।

### प्रकरणों की समीक्षा

बैठक के अंत में निगमायुक्त ने सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की बैठक में अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, मनोज श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, स्वच्छता सेल के सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनलि बारी, धर्मेन्द्र राज, पोलाराव, अर्जुन यादव, एवं सभी मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ सफाई ठेकेदार और वाहन चालक ठेकेदार उपस्थित रहे।

## सरसंघचालक सहित देश के 46 प्रांतों से 407 कार्यकर्ता लेंगे भाग



▶ संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक 30 से

**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक महाकौशल प्रांत के जबलपुर जिले में आयोजित होगी। कचनार सिटी में आयोजित प्रेस वार्ता में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित देशभर के 46 प्रांतों से 407 कार्यकर्ता भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष का शुभारंभ 2 अक्टूबर को नागपुर में हुआ, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि थे। आगामी कार्यक्रमों में गृह संपर्क अभियान, पंच परिवर्तन के संदेश और समाज में समरसता, पर्यावरण व नागरिक कर्तव्यों पर विशेष बल दिया जाएगा। सरसंघचालक डॉ. भागवत देशभर में प्रवास के दौरान बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई में प्रबुद्ध जनों से संवाद करेंगे। सिख गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रेस वार्ता में प्रांत संघचालक डॉ. प्रदीप दुबे, सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र ठाकुर और प्रदीप जोशी भी उपस्थित रहे।

## त्यौहार के बाद यात्रियों की वापसी हेतु संचालित हो रही स्पेशल ट्रेनें

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा त्योहारी सीजन के बाद वापसी हेतु अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु जबलपुर-आनन्द विहार टर्मिनल- जबलपुर, जबलपुर-दानापुर- जबलपुर, रानी कमलापति- दानापुर-रानी कमलापति, रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य स्पेशल ट्रेनें संचालित हो रही है। गाड़ी संख्या 01707 जबलपुर से आनन्द विहार टर्मिनल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 3 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर से दोपहर 14:40 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 12:25 बजे आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन पर पहुँच रही है। गाड़ी संख्या 01708 आनन्द विहार टर्मिनल से जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 4 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को एक्सप्रेस ट्रेन आनन्द विहार टर्मिनल स्टेशन से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान कर और बुधवार को सुबह 09:30 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही है। गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 05 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान कर और अगले दिन सुबह 08:45 बजे दानापुर स्टेशन पर पहुँच रही है। गाड़ी सांख्य 01702 दानापुर-जबलपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 06 नवंबर तक प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को सुबह 11:00 बजे दानापुर से रवाना होकर और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर स्टेशन पर पहुँच रही वही गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-दानापुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन आगामी 11 नवंबर तक प्रत्येक

## हनुमानताल में चाकूबाजी, दो घायल

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में हुई चाकूबाजी में दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मोह. आसिफखान 20 वर्ष निवासी सुब्बाशाह मैदान हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात 11-30 बजे सुब्बाशाह मैदान में टहल रहा था इसी दौरान शोराब 500 रूपये मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो उस पर चाकू से वार कर भाग गया। इसी प्रकार मोहम्मद मुईन खान 38 वर्ष निवासी बड़ी मदार टेकरी हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हुसैनी चौक में अन्नू घोड़ी अपने साथी आशु, शमीम के साथ आकर उससे पार्टी करने के लिये 2 हजार रूपये मांगने लगा, मना किया तो तीनों विवाद करने लगे, अन्नू घोड़ी ने चाकू से हमलाकर चोट पहुंचा दी। आशु, शमीम ने मारपीट की।

## बंदरिया तिराहा से कटंगा तक साईकिल ट्रैक पर काम शुरू



▶ निगमायुक्त ने अपर आयुक्त अधिकारियों के साथ लिया जायजा

**जबलपुर।** बंदरिया तिराहा से कटंगा तक ट्रैक पर सफाई और पेड़ों की छंटाई का काम निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शुरू कराकर व्यवस्थित करवाने के लिए अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त ने मदन-महल स्टेशन से पुराना बस स्टैंड एवं बंदरिया तिराहा से कटंगा तक साईकिल ट्रैक का निरीक्षण किया और अधीक्षण यंत्री, उपायुक्त स्वास्थ्य, कार्यपालन यंत्री, उद्यान अधिकारी, एवं अतिक्रमण अधिकारी को निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि दोनों स्थल नागरिकों के उपयोग की है। इन स्थलों को बहुत सुंदर साफ, स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त रखने नियमित रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। गौरतलब है, कि महापौर जगत बहादुर सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा लगातार नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में एन.एम.टी. और साईकिल ट्रैक को भी सुविधायुक्त करने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार लगातार निरीक्षण कर रहे हैं।

## पारे में उतार-चढ़ाव, हवाओं ने बढ़ाई ठुठरन

**जबलपुर।** सक्रिय मौसम प्रणालियों और पारे में हर दिन हो रहे उतार चढ़ाव से मौसम की रंगत बदल गई है। मंगलवार को सुबह से बादलों का डेरा था। दिनभर बादलों और सूर्यदेव के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। बर्फीली वादियों से आई हवाओं ने भी ठुठरन बढ़ा दी। रात में लोग गरम कपड़े लादे नजर आये। मंगलवार को अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 21.11 डिग्री सल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 91 और शाम को 84 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पूर्वी हवाएं चार से पांच किमी की रफ्तार से चली। मौसम विभाग की माने तो सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से गरज चमक के साथ बारिश की उम्मीद है। एक गंभीर चक्रवातीय तूफान मोंथा, बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य में अवस्थित है, जो पिछले 6 घंटों के दौरान 12 किमी प्रति घंटे की गति से से उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ रहा है। एक गंभीर चक्रवातीय तूफान के रूप में मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास आंध्र प्रदेश तट को पार करेगा।

## जनसुनवाई में निगमायुक्त ने संभाला मोर्चा, शिकायतों का किया निराकरण

▶ नगर निगम के 16 संभागों में भी सुनीं गईं जनसमस्याएं



**नवभारत,जबलपुर।** मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार खुद सीट पर बैठकर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और फिर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देकर शिकायतों का निराकरण जल्द से जल्द करने आदेशित किया। जानकारी के अनुसार कुछ शिकायतों का निगमायुक्त ने त्वरित निराकरण भी किया। इस दौरान मुख्यालय पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने निगमायुक्त की सराहना भी की और कहा कि ऐसा बहुत कम होता है जब कमिश्नर साहब खुद जनसुनवाई में जनसमस्याएं सुनते हैं। इस मौके पर नगर निगम के सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

उधर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के प्रयासों से नगर निगम के सभी 16 संभागों में जनसुनवाई आयोजित करने के फैसले को भी जनमानस में काफी सराहा जा रहा है।

### 209 शिकायतों का निराकरण

मुख्यालय की जनसुनवाई में 21 प्रकरण प्राप्त हुए और 21 का ही मौके पर ही निराकरण कराया गया। इसी प्रकार सभी 16 संभागों के अंतर्गत जनसुनवाई के दौरान 226 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 209 शिकायतों का त्वरित निराकरण कर आवेदकों को राहत पहुँचाई गयी शेष 17 शिकायतों को निराकरण के लिए संबंधित विभागों में प्रेषित किया गया।

## हिरण नदी में डूबे मासूम की मौत नहर किनारे मिली युवक की लाश

**जबलपुर।** खितोला थाना अंतर्गत बरेली हिरण नदी में डूबने से आठ साल के मासूम की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक घसीटा केवट 39 वर्ष निवासी लखराम मोहल्ला खितौला ने बताया कि उसका बेटा संस्कार केवट 8 वर्ष दोपहर में हिरण नदी नहाने गया था नहाते समय गहरे पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को बाहर निकलाते हुए पीएम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार पनागर थाना अंर्गत महगवां परियट नहर किनारे पेड़ से एक लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है और उसने आत्महत्या किन कारणों से की इसका पता नहीं चल सका पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक महगवां परियट निवासी देवी प्रसाद दाहिया अपने खेत जा रहा था तभी उसकी नजर नहर किनारे लगे नीम के पेड़ पर पड़ी जिसमें एक व्यक्ति की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष होगी।

## झगड़ा सुलझाने पहुंचे युवक से उलझे बदमाश,रोड पर पटकर घसीटा

▶ पुलिस पहुंची तो भाग निकले, एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत शास्त्रि ब्रिज के उपर बीती रात झगड़ा सुलझाने पहुंचे एक युवक से बदमाश उलझ गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी इसके बाद उसे सड़क पर उसे पटक दिया और घसीटते हुए दूर तक ले गए जिससे उसे चोटें आ गई। सूचना पर पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग गए। घायल को पुलिस वाहन में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस के मुताबिक विवेक उर्फ बाबी नायडू पिता मनीष नायडू 27 वर्ष निवासी भीमनगर ग्वारीघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि 12:30 खाना खाने राजा होटल तीन पत्ती आया था। होटल से वापस अपनी मोटर साईकिल रायडा से घर जा रहा था जैसे ही शास्त्रि ब्रिज के उपर पहुंचा तो वहां 5-6 लडके आपस में लडाई झगडा कर रहे थे तभी वह वहा रूक गया और उन्हें लडाई झगड़ा करने से मना किया तो उन्हीं में से 3 लडके उससे उलझ गए और उसके साथ मारपीट कर रोड पर पटकर उसे घसीटते हुए दूर तक ले गए जिससे उसे सिर एवं बाए हाथ में चोट आई। इसी बीच 112 एफआरव्ही पहुंची और उसे घायल अवस्था में विक्टोरिया ले गई। पुलिस ने बयान दर्ज करने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

## धर्म छुपा कर रचाई शादी प्रताड़ित कर बनाया दबाव

**जबलपुर।** गोहलपुर रहने वाले एक युवक ने धर्म छुपा कर युवती से पहले दोस्ती की और फिर शादी की इसके बाद उसे पर प्रताड़ित कर धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा। अब पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। गोरखपुर निवासी 31 वर्षीय युवती ने बताया कि 2022 में सोशल मीडिया के जरिए नसीर अहमद से उसकी दोस्ती हुई थी। नसीर ने अपना नाम अरमान सिंह बताया। उसे प्रेम जाल में फंसाने के बाद उससे शादी की। इसके बाद उसे सच्चाई का पता लगा तो नसीर धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा।

## बदला लेने युवक पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

▶ जंगल में छिपाकर रखी थी पिस्टल जब्त



**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस ने फायरिंग करने वाले आरोपी को भरतीपुर से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही वारदात में प्रयुक्त पिस्टल को नयागांव के जंगल से जब्त कर ली। आरोपी ने बेटे के साथ हुई मारपीट का बदला लेने वारदात की थी। पुलिस के मुताबिक शरद बेन 20 वर्ष निवासी बेन मोहल्ला रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पिछले 3-4 दिन से आजाद चौक निवासी निशांत सोनकर से उसके भाई शिवा सोनकर का विवाद चल रहा है उसके भाई शिवा बेन एवं साहिल बेन ने निशांत सोनकर के लड़के राजवीर सोनकर को मारा था। 25 अक्टूबर की दोपहर लगभग 2 बजे बेन मोहल्ला के बाहर मैदान में खड़ा था तभी निशांत सोनकर अपने परिवार के लोगों के साथ आया, निशांत सोनकर उसे एवं उसके भाई को बोला कि तुम लोग मेरे लड़के के साथ मारपीट किये थे हवाई फायर कर दिया और भाग गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी। गोरखपुर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि मंगलवार को भरतीपुर में दबिश देते हुये फरार आरोपी निशांत सोनकर पिता राजू उर्फ अनिल सोनकर 37 वर्ष निवासी आजाद चौक के पास रामपुर को पकड़ा गया, आरोपी से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने साथी राजदीप सोनकर के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त पिस्टल को नयागांव के जंगल में छिपाकर रखना बताया, आरोपी निशांत सोनकर की निशादेही पर नयागांव जंगल में दबिश देते हुये बरगद के पेड़ के नीचे छिपाकर रखी 1 देशी पिस्टल जिसकी मैग्जीन में 1 कारतूस लोड था को जप्त किया गया। आरोपी निशांत सोनकर को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये जेल निरूद्ध कराया गया।




## केस वापिस लेने पीड़िता को मिल रही धमकियां

**जबलपुर।** न्यायालय में लंबित एक प्रकरण में पीड़िता और गवाहों को धमकियां मिल रही है। पीड़िता रानू शर्मा निवासी गढ़ा ने पत्रकारों को बताया कि कुछ दिन पूर्व शांतनु घोष एवं मां तन्द्रा घोष निवासी अवधपुरी ज्ञान विहार कॉलोनी के खिलाफ उसके द्वारा धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं के तहत तिलवारा थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामला न्यायालय में लंबित है जिसमें शांतनु घोष जमानत पर है। इस प्रकरण के चलते शांतनु घोष, उसकी माँ तन्द्रा घोष एवं उसकी बहन परमीतां करमाकर उसके ऊपर लगातार दबाव डाला जा रहा है कि प्रकरण वापस ले ला। उसे धमकियां भी दी जा रही है।

**बैठक** | कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया निर्णय

## 1 नवम्बर से अतिक्रमण हटाने चलेगी मुहिम



**नवभारत,जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए 1 नवम्बर से व्यापक स्तर पर अतिक्रमण हटाने की मुहिम शुरू की जाएगी। यह निर्णय कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार सहित प्रशासन, पुलिस व निगम के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि चौराहों, लेफ्ट टर्न, सर्विस रोड और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी। अभियान की शुरुआत गढ़ा और ग्वारीघाट क्षेत्र से होगी। अतिक्रमण हटाने से पहले पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में स्पष्ट किया गया कि मुहिम का उद्देश्य ठेले-टपरे हटाना नहीं, बल्कि आवागमन को सुगम बनाना है। प्रभावित वेंडरों के लिए वैकल्पिक स्थान एवं वेंडर जोन चिन्हित किए जाएंगे। साथ ही अवैध होर्डिंग, पोस्टर, बिजली के अनुपयोगी खंभे और अवैध छज्जे भी हटाए जाएंगे। नो पार्किंग जोन का पालन सख्ती से कराया जाएगा और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना व वाहन उठाने का शुल्क वसूला जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभागों से समन्वय बनाकर शांतिपूर्ण ढंग से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुहिम के बाद शहर में वन-वे ट्रैफिक योजना लागू की जाएगी और फ्लाईओवर के नीचे ट्रैफिक सिग्नल पुन: लगाए जाएंगे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) सुश्री अंजना तिव एवं एस.डी.एम. तथा नगर निगम एवं पी.डब्ल्यूडी. अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत सगड़ा में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतिका ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर छानबीन कर रही है। पुलिस ने बताया कि संध्या पटेल 35 वर्ष निवासी ग्राम जोधपुर पडाव तिलवारा ने सूचना दी कि उसकी बेटी मुस्कान पटैल 23 वर्ष ने लगभग 2 वर्ष पहले सगड़ा निवासी राकेश राजपूत के साथ प्रेम विवाह किया था मुस्कान ने फांसी लगा ली है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेंगा। जिसके बाद आगे की कार्यवाही होगी।

### इधर महिला, युवक ने फांसी लगाई

रांझी थाना अंतर्गत इन्द्रा नगर में रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि नितिन खरे 34 वर्ष निवासी अम्बेडकर चौक इन्द्रा नगर रांझी ने सूचना दी कि उसकी बहन निशा दास पति जोन दास 32 साल निवासी संजय केवट ने घर में दीवाल में लगे लोहे के कपड़े टांगने वाले हेंगर से चुनरी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार गोहलपुर थाना अंतर्गत सरफाबाद में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को मोह. आरिफखान पिता निजामुद्दीन 29 वर्ष निवासी सरफाबाद गोहलपुर ने फांसी लगा ली। जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत दोपहर लगभग 1 बजे उसे मृत घोषित कर दिया।